भारतीय सांस्कृतिक केंद्र पारामारिबो (अंक ७ )

हिंदी त्रैमासिक पत्र

# सूरीनाम हलचल

जुलाई २०१५

**चित्र पहेली**

 + क्षा में, अप +  – क   पर मत  बे = भू |

**बीरबल और अकबर की कहानी - राजनीति**

*रायनभजन* ***पारामारिबो***

राजा अखबार ने बीरबल को एक पत्र दिया| बीरबल को यह आज्ञा मिली कि वह उस पत्र को प्रजा के लिए पढ़े| लेकिन बीरबल ने पत्र खो दिया| बीरबल हैरान हो गया| आखिर में वह प्रजा के सामने गया बीरबल ने पूछा: क्या आप को पता है मैं क्या कहने वाला हूँ? प्रजा: जी सरकार, हमें पता है? बीरबल: अगर आपको पता है, तो मुझे कुछ कहने की ज़रूरत नहीं है| यह कह कर बीरबल चला गया| सब लोग एक दूसरे को देखने लगे, और अगले दिन फिर वे फिर से बीरबल के पास आए| बीरबल ने फिर पूछा: “क्या आपको पता है मैं क्या कहने वाला हूँ? आधे लोगों ने कहा: “जी, (डरकर) हमें पता है”| और आधे लोग बोले : “नहीं सरकार, हमें नहीं पता है|” इस पर बीरबल ने कहा कि: “ठीक है, आधे लोग जिनको पता है मैं क्या कहने वाला था, वह बाकी के आधे लोगों को बता दे कि मैं क्या कहने वाला था|”



**कविता - फूल खिले सूरीनाम में**

*गणेश लक्ष्मी* ***निकेरी***

सुन्दर सुन्दर फूल खिले , एक एक से हिले मिले हैं
भौंरे गुनगुन डोल रहे हैं, फूलों से कुछ बोल रहे हैं |
लगे फूल हैं डाली डाली खुशबू आती है क्या प्यारी?पौधे लगे हैं क्यारी क्यारी/
खिले फूल है नील पीले अजब ढंगरंगके, फूलों का मन हरने वाली, तितली डोल रही मतवाली



**पाक व्यंजन - पानी पूरी / गोलगप्पे**

**शर्मीला रामरतन (रिपोर्टर)**

आवश्यक सामग्री - मैदा -आधा कप सूजी -1 कप,तेल, आटा और सूजी को एक बर्तन में निकाल कर अच्छी तरह मिला लें. पानी की सहायता से आटे को अच्छी तरह मसल मसल कर गूथें .और 20 मिनिट के लिये रख दीजिये. गूथे हुये आटे की लोइयां बना लीजिये| सारे गोल गप्पे बेल कर तल ले| पानी पूरी के लिये 1 लीटर पानी में जलजीरा मसाला हरी मिर्च ,भुना जीरा, काली मिर्च ,काला नमक घोलिये| उबले हुये आलू को छील कर छोटा छोटा काट लीजिये, आप चाहें तो उसमें भुना जीरा और नमक मिला लीजिये| गोल गप्पे में *छोटा सा छेद करके उसमे आलू भर दीजिये और पानी में डुबो कर* .मीठी चटनी के साथ खाइए |



**स्तेगतेंग संघ परिवार सूरीनाम से *पायल गंगाराम पांडे* (रिपोर्टर) दवारा लिया गया साक्षात्कार**

**पायल** -इस समूह को स्थापित करके आप क्या प्राप्त करना चाहते है?

**आनंद** -हम सब राष्ट्रीय स्वयमसेवक सेवा से प्रेरित हुए| यह एक ऐसा समूह है जो अपनी संस्कृति के बारे में जागरूक कर आज के युवा का चरित्र निर्माण करना चाहता है |



**पायल** -अपने कार्यक्रमों के बारे में कुछ बताइए?

**सूरज-** इस कार्यक्रम का नाम है “कल्चर” इसमें हम भारतीय संस्कृति को बढ़ाना चाहते हैं | इस संस्कृति को जानने के लिए| यहाँ पर हम वेद, योग, संगीत, वैदिक गणित आदि सिखाते है|

आगे हम इसी कार्यक्रम को दूसरे जिलो में बढ़ाना चाहते है

**पायल** -भारतीय संस्कृति का विश्व में क्या स्थान है?

**आनंद-** भारतीय संस्कृति अभी भी बहुत रहस्य से भरी है, हर किसीको पता नहीं है कि हमारी संस्कृति में क्या ताकत है|

**पायल** -हिंदी संस्कृति का एक अहम् भाग है| आप इसे कभी शामिल करेंगे अपने आगे के कार्यक्रमों में?

**आनंद-** सूरीनाम में ५० से अधिक हिंदी पाठशालाएँ हैं हम हमेशा लोगो को प्रोत्साहित करते है हिंदी पढ़ने के लिए|

**पायल** -हमारे पाठकों के लिए कोई सन्देश?

**आनंद-** हम सबको प्रेरित करना चाहते है कि वे हमारी संस्कृति के वैज्ञानिक पहलु को समझे और जुड़े|

**<u>रिपोर्ट</u>**

**<u>मधु रामौतार रिपोर्टर</u>**

**शुक्रवार 27 मार्च 2015** को प्रख्यात हिन्दी कवयित्री **महादेवी वर्मा** की जयंती के अवसर पर आईसीसी के परिसर में एक **हिंदी मानदेय समारोह** का आयोजन किया गया ।आईसीसी के संगीत व् नृत्य छात्र गण द्वारा महादेवी वर्मा की कविता पर 'स्वर संगम' प्रस्तुत किया गया| भारत की राजदूत द्वारा पुस्तकों के साथ 2014-15 की अवधि के लिए सूरीनाम में हिंदी भाषा का प्रचार करने के लिए हिंदी शिक्षकों (15) और हिंदी स्कूलों (14) को मानदेय वितरित किया गया

**गुरुवार 7 मई 2015** अल्फा मैक्स अकादमी के परिसर में रवीन्द्रनाथ टैगोर की 154 वीं जयंती मनाई गई | वे 1913 में साहित्य के लिए नोबेल पुरस्कार जीतने वाले गैर यूरोपीय पहले एशियाई थे। अल्फा मैक्स और भारतीय सांस्कृतिक केंद्र के छात्रों ने रबीन्द्र संगीत, कविता,, नृत्य और भाषणों से समां बाँध दिया |



भारत की राजदूत श्रीमती सुभाषिनी मुरुगेसन ने और अल्फा मैक्स अकादमी के निदेशक शॉन टेलर ने उनके जीवन पर प्रकाश डाला .

***८ मार्च, ११ अप्रैल और १९ अप्रैल*** को भारतीय सांस्कृतिक केंद्र के संगीत ,योग ,नृत्य और हिंदी अध्यापकों ने निकेरी और सरामक्का में कार्यशालाएं आयोजित कीं .

(***उत्तर चित्र पहेली -परीक्षा में अपना दिमाग घर पर मत भूलना )***

**10वां विश्व हिंदी सम्मेलन**

10वां विश्व हिंदी सम्मेलन, 10-12 सितंबर, 2015 तक भोपाल में आयोजित किया जा रहा है। सम्मेलन का मुख्य विषय है " हिंदी जगत : विस्तार एवम सम्भावनाएँ सूरीनाम में हिंदी से सम्बंधित संस्थाएँ,लेखक छात्र और हिंदी सेवी जन को सादर सूचित किया जाता कि वेबसाइट पर ऑनलाइन पंजीकरण प्रारम्भ हो गया हैwww.vishwahindisammelan.gov.inn कृपया अवश्य भाग लें |

***वैश्विक योग दिवस***

२१ जून २०१५ को भारतीय राजदूतावास और भारतीय सांस्कृतिक केंद्र के तत्वाधान में सूरीनाम देश की राजधानी पारामारिबो में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस साप्ताहिक कार्यशालाओं के बाद फ्लेम्बोयेंत पार्क में जोश के साथ मनाया गया| दीप प्रज्ज्वलन के पश्चात भारतीय राजदूतमहामहिम श्रीमती सुबाशिनी मुरुगेसन ने योग के ऐतिहासिक और वर्तमान महत्त्व पर प्रकाश डाला| भारत के प्रधान मंत्री श्रीमान नरेन्द्र मोदी के सन्देश के बाद भारतीय सांस्कृतिक केंद्र के योग गुरु के साथ लगभग ३५० से अधिक स्त्रियों , पुरुषों और बच्चों ने योग में भाग लिया ।



***आई सी सी कक्षा से .........***

***<u>इस बार चुनाव के शब्द</u>***

**चुनाव - verkiezing**

**चुनाव प्रचार - propaganda**

**राष्ट्रपति - president**

**मत पेटिका - stembus**

**मतदाता -kiezer**

**उम्मीदवार -kandidaat**

संपादक मंडल : मधु रामऔतार , रायन भजन, शर्मीला रामरतन, पायल गंगाराम पाण्डे (ICC पारामारिबो का हिंदी विद्यार्थी मंडल) और अध्यापिका कविता मालवीय (लेख के लिए सम्पर्क करें **surinamhalchal@gmail.com**)